09/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज तवांग वासियों को **री-रेटेड किटपी मिनी हाइडल प्रोजेक्ट** (चरण-I) समर्पित किया। नामेत्रोंग नदी पर किटपी गाँव में स्थित यह परियोजना एक छोटा पनबिजली संयंत्र है, जो पानी के प्राकृतिक बहाव का उपयोग करके बिजली पैदा करता है। तीन बाइ पांच सौ KW से दो बाइ सात सौ पचास KW तक की री-रेटिंग के साथ, इसकी दक्षता और क्षमता बढ़ गई है, जिससे संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से बिजली आपूर्ति अधिक बेहतर और स्थिर होगी, स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ेगा तथा अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चौना मेन, विधायक शेरिंग ल्हामू, नामग्ये शेरिंग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने बुधवार को तवांग में मुख्यमंत्री पेमा खांडू एवं फ़ोर कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नीरज शुक्ला ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य के समग्र विकास पर गहन चर्चा हुई, जिसमें

प्रमुख क्षेत्रों और उन महत्वपूर्ण बिंदुओं की पहचान की गई, जिन पर तत्काल और विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। चर्चा के दौरान बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास क्षेत्रों में सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया गया। इस बीच, लेफ्टिनेंट जनरल नीरज शुक्ला और राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण और मनोबल, परिचालन तैयारियों तथा नागरिक प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के महत्व पर व्यापक चर्चा की।

0000000000000000000000

तवांग में दो दिवसीय उपायुक्त सम्मेलन आज से शुरू हुआ। सम्मेलन के प्रमुख केंद्र क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण, पर्यटन को वैश्विक स्तर के गंतव्यों पर स्थापित करना, तेजी से हो रहे शहरी विकास का प्रबंधन, तथा प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक उपयोग के माध्यम से सुशासन को सुदृढ़ करना शामिल है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनायक 10 अप्रैल को इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल टीचर्स एसोसिएशन, ईटानगर कैपिटल रीजन ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के सहयोग से स्वर्गीय यापी पोतोम की स्मृति में शांतिपूर्ण कैंडल लाइट रैली आयोजित करने की घोषणा की है।

यह रैली दस अप्रैल को शाम चार बजे से छः बजे तक आयोजित होगी, जो आकाशदीप कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर आईजी पार्क स्थित टेनिस कोर्ट में समाप्त होगा। सरकारी सेकेंडरी स्कूल, चिम्पू की जूनियर टीचर यापी पोतोम की हालिया हत्या से पूरे राज्य में गहरा आक्रोश है। यह रैली एक समर्पित शिक्षिका को श्रद्धांजलि देने और त्वरित व निष्पक्ष न्याय की मांग के लिए आयोजित की जा रही है। संघ ने स्थानीय प्रशासन से चल रही जांच पर पारदर्शी जानकारी देने की भी मांग की है।

0000000000000000000000

सामुदायिक कल्याण और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने ईटानगर, नामसाई और लोहित जिलों में बहु-स्थान दान अभियान शुरू किया। यह पहल कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी के जन्मदिन के अवसर पर की गई है। जिसके तहत मुख्य लाभार्थियों में ईटनगर स्थित दीपक नबाम लिविंग होम, नामसाई स्थित नशा मुक्ति केंद्र, प्रोडिगल कम्यून, लेखी स्थित अरुणाचल कैट्स एंड डॉग्स रेस्क्यू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, लोहित जिले के परशुराम कुंड में लगभग तीन सौ गाय के लिए चारा तथा मंदिर कर्मचारियों के लिए राशन भी उपलब्ध कराया गया है।

0000000000000000000000

बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने जानकारी दी कि एलपीजी लेकर चलने वाला भारतीय

ध्वज वाला पोत “ग्रीन आशा” आज सुरक्षित रूप से जेएनपीए पहुंच गया है। वहीं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सरकार देश में घरेलू उपभोक्ताओं को सौ प्रतिशत एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी वितरक के पास गैस की कमी (ड्राई-आउट) की सूचना नहीं है। कल इक्यावन लाख से अधिक घरों में एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि ओटीपी आधारित डिलीवरी बानवे प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और ऑनलाइन बुकिंग अट्ठानबे प्रतिशत तक पहुंच गई है।

0000000000000000000000

मेबो विधायक ओकेन तायेंग ने आज ईस्ट सियांग जिले के मेबो सब डिविशन में चल रहे विकास कार्यों और नई योजनाओं की समन्वय-सह-समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल पूरे ही न हों, बल्कि उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर लोगों को महसूस भी होना चाहिए। उन्होंने विभागों को नवाचार अपनाने और विशेषकर पर्यटन विकास एवं ग्रामीण आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यावहारिक और समाधान-उन्मुख सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

0000000000000000000000

अंडर-16 बोएज़ एण्ड गर्ल्स वर्ग के लिए फुटबॉल और वॉलीबॉल की नौवीं जिला स्तरीय हांगपान दादा मेमोरियल ट्रॉफी बुधवार को चिम्पू

स्थित सांगय ल्हादेन स्पोर्ट्स अकादमी में संपन्न हुई। फुटबॉल और वॉलीबॉल दोनों प्रतियोगिताओं में बोएज़ एण्ड गर्ल्स वर्ग ईटानगर सर्कल विजेता रहा। ईटानगर सर्कल की विजेता टीमें अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जो आगामी 16 मई 2026 से वेस्ट सियांग जिले के आलो में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का संयुक्त रूप से जिला प्रशासन, आईसीआर और खेल विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा किया गया।

0000000000000000000000